समस्त पत्र–व्यवहार "कुलसचिव" को ही संबोधित किया जाये
किसी अधिकारी के व्यक्तिगत नाम से नहीं । पूर्व सन्दर्भ यदि हो
तो, देना आवश्यक हैं अन्यथा कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी ।

दूरभाष 2529540,2527532
तार : यूनिव्हर्सिटी
फेक्स : 0731–2529540

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर–452 001

क्रमांक : परीक्षा / सामान्य / 2024 / 90

दिनांक 21 FEB 2024

प्रति,

पुलिस अधीक्षक

जिला इन्दौर, खण्डवा, बुरहानपुर, खरगौन, धार, अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी (म.प्र.)

विषय :–**विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्रो को भेजे जाने वाले विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्न पत्रो को सुरक्षा की दृष्टि से थानो मे रखने संबंधी ।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख्य है कि विश्वविद्यालय द्वारा आपके जिले के विभिन्न महाविद्यालयो को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया जाता है। परीक्षा केन्द्रो पर परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व विभिन्न परीक्षाओ के प्रश्न पत्र भिजवाये जाते हैं। इन प्रश्न पत्रो को सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा केन्द्रों द्वारा निकटतम पुलिस थाने मे रखा जाता रहा हैं।

उक्त परीक्षा हेतु भी आपसे निवेदन है कि आपके अधीनस्थ थाना प्रभारियों को इस संबंध मे आवश्यक निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

धन्यवाद

आदेशानुसार

(परीक्षा नियंत्रक)

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य / प्राचार्या / केन्द्राध्यक्ष, समस्त सम्बद्ध परीक्षा केन्द्र जिला इन्दौर, खण्डवा, बुरहानपुर, खरगौन, धार, अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी (म.प्र.) की और सूचनार्थ प्रेषित

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

Shiva/hindi letter/210224